बी सी एम स्कूल दुगरी लुधियाना

कक्षा चौथी

विषय हिंदी (कार्यपत्रिका)

I) सही विकल्प चुनें।

1 शुद्ध वर्तनी चुनो।

अकाश आकाश आकश

2 रोहन केवल फल खाता है। इसलिए वह............ है ।

शाकाहारी फलाहारी अल्पाहारी

3 रोहन निबंध लिख रहा है। वाक्य में क्रिया का भेद है।

अकर्मक क्रिया सकर्मक क्रिया

4 निंदा का विलोम शब्द है।

कायर प्रशंसा साहसी

5 हवा का पर्यायवाची नहीं है।

अनिल पावक समीर

6 मैंने पाँच मीटर कपड़ा खरीदा। वाक्य में विशेषण है।

कपड़ा मैंने पाँच मीटर

7.बाहर ________आया है।(उचित सर्वनाम शब्द भरो।)

क्या कौन कोई

8 हरियाली _____ संज्ञा है।

व्यक्तिवाचक   जातिवाचक   भाववाचक

II)अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ।

समस्या, सद्भावना

III) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दो।

1 सेना ने कहा डेरा डाला हुआ था?

2 नौकरानी को मासिक वेतन कितना मिलता था?

3 प्रतियोगिता की शुरुआत किस दौड़ से हुई?

IV) ‘ पानी- पानी होना ’मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ।

V) अकबर का वर्ण विच्छेद करो ।

VI)निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो ।

किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लकड़ी को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना,नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है। वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा?

1. तीन मित्र कौन-कौन थे?

(क) दो हंस और एक कछुआ   ख) कछुआ और हंस

(ग) एक हंस

2. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?

(क) हंसों को ख) कछुए को ग) लोगों को

3. तालाब सूख गया, क्योंकि:

(क) बहुत गरमी थी (ख) बहुत सरदी थी

(ग) बहुत वर्षा थी

4. अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है:

(क) अपना नुकसान स्वयं करना (ख) अपना फ़ायदा करना

(ग) अपना कार्य स्वयं करना

5. रेफ 'र' वाला शब्द है ।

क) मूर्ख ख) तैयार ग) प्रश्न